दिन– बुधवार दिनांक– 31/07/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी एनटीए के गठन के बाद से पांच करोड़ से अधिक उम्मीदवार एनटीए द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षाओं में शामिल हुए हैं। राज्यसभा में आज एक पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए श्री प्रधान ने कहा कि एनटीए ने अब तक दौ सौ पचास परीक्षाएं आयोजित की हैं। उन्होंने सदन को यह भी बताया कि पिछले 10 वर्षों में सरकार ने मेडिकल सीटें बढ़ाकर एक लाख दस हजार कर दी है। देशभर में कोचिंग सेंटरों की बढ़ती संख्या पर सदस्यों की भावनाओं को दोहराते हुए, श्री प्रधान ने कहा कि सरकार चाहती है कि कोई कोचिंग सेंटर न हो और प्रत्येक छात्र को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो। शिक्षामंत्री ने सरकारी स्कूलों पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया है।

———————————————————————————

दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली के एक कोचिंग सेंटर में यूपीएससी की तैयारी कर रहे छात्रों की मृत्यु पर दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम को फटकार लगाई है। न्यायालय ने कहा कि ऐसी त्रासदियां होना तय है जब मुफ्तखोरी की संस्कृति के कारण करों का संग्रहण नहीं होता है। न्यायालय ने कहा कि ये मामला स्पष्ट रूप से आपराधिक उपेक्षा का है और प्रशासन अगर जिम्मेदारी नहीं लेता है तो न्यायालय सीधे आदेश पारित कर देगा।

———————————————————————————

दिल्ली के एक कोचिंग संस्थान में घटी घटना के बाद पटना जिलें में विभिन्न स्थानों पर कोचिंग संस्थानों में सुरक्षा प्रबंध के सत्यापन का कार्य आज भी जारी है। अलग–अलग अनुमंडलों में अनुमंडल पदाधिकारियों के नेतृत्व में कोचिंग संस्थानों की जांच की जा रही है। इस दौरान कोचिंग संस्थान में आपात स्थिति से निपटने के इंतजामों की समीक्षा के साथ ही लाईसेंस, अग्नि सुरक्षा व्यवस्था और आकस्मिक स्थिति

से निपटने के इंतजाम की जांच की जा रही है। पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह ने इसके लिए छह टीमों का गठन किया है।

———————————————————————

भारत की बैडमिंटन स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधु ने पेरिस ओलंपिक के अपने आखिरी ग्रुप मैच में शानदार जीत दर्ज कर मेडल की उम्मीद जगा दी है। सिंधु ने अपनी प्रतिद्वंद्वी क्रिस्टीन काउबा को सीधे सेटो में एक्कीस–पाँच, एक्कीस–दस से हरा दिया। इस जीत के साथ ही पीवी सिंधु प्रीक्वाटर में पहुँच गईं हैं।

———————————————————————

मौसम विभाग ने अगले एक से दो घंटो के दौरान पटना और भोजपुर जिले में कुछ स्थानों पर मेघगर्जन के साथ वज्रपात की चेतावनी जारी की है। इस दौरान तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटा के रफ्तार से हवा भी चल सकती है।

———————————————————————

पूरे प्रदेश में दक्षिण–पश्चिम मॉनसून की गतिविधि कमजोर बनी हुई है। जिसके कारण राज्य के अधिकतर स्थानों पर मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक राज्य में औसत से सैंतीस प्रतिशत कम बारिश हुई है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो दिनों के दौरान पटना समेत राज्य के दक्षिणी भागों में कुछ स्थानों पर मध्यम वर्षा की संभावना है। वहीं, प्रदेश के उत्तरी भागों में हल्की वर्षा हो सकती है। विभाग ने कहा है कि अगले तीन दिनों के दौरान प्रदेश के अधिकतर भागों में तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की जा सकती है। वहीं, राज्य के दक्षिण–पश्चिम, दक्षिण–पूर्व और उत्तर–पश्चिम भागों में अगले दो दिनों के दौरान विभिन्न स्थानों पर मेघ गर्जन के साथ वज्रपात की आशंका है।

———————————————————————

इधर, रोहतास जिले के करगहर प्रखंड अंतर्गत खैरदेव गांव में आज सुबह वज्रपात की चपेट में आकर एक ही परिवार के दो लोगों की मौत हो गई। इस घटना में तीन महिला समेत पाँच लोग झुलस गए। गंभीर रूप से घायल लोगों को सदर अस्पताल सासाराम में भर्ती कराया गया है।

शेखपुरा जिला के सदन थाना क्षेत्र अंतर्गत पटेल चौक के पास अपराधियों ने एक व्यक्ति से दिन दहाड़े एक लाख रूपये लूट लिए।

सुपौल जिले के राघोपुर में कृषि विज्ञान केन्द्र की ओर से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

बक्सर जिले में अग्नि सुरक्षा और बचाव को लेकर केन्द्रीय विद्यालय के बच्चों ने प्रभात फेरी निकाल कर लोगों को जागरूक किया।

अररिया जिले में आत्मा कि ओर से मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा देने और उससे होने वाले लाभा को लेकर किसानों के साथा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

समाप्त